दिन–शुक्रवार   दिनांक– 05 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान जिले के बड़हरिया में सबसे अधिक चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज में नवासी और जमुई के गिद्धौर में बयासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना बनी हुई है। वहीं, किशनगंज और मधेपुरा समेत हिमालय की तलहटी वाले जिलों में तथा पटना और गया जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, बागमती और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से पच्चीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी रेवा घाट और डुमरिया घाट पर जबकि बागमती नदी बेनीबाद में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। कमला बलान का जलस्तर झंझारपुर में लाल निशान से मात्र चौवालीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। अधवारा समूह की नदी दरभंगा के कमतौल में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है।

प्रदेश में पुल गिरने की घटनाओं पर आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों में राज्य में बारह पुल गिर चुके हैं जो भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो पुल गिरे हैं उसका निर्माण उस समय हुआ जब ग्रामीण कार्य विभाग जदयू के पास था। इस बीच, केन्द्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें पुल गिरने के मामलों पर जवाब देना चाहिए क्योंकि वे

डेढ़ साल तक वे ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री रहे थे। इधर, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे भारतीय दल से मुलाकात की। खिलाडियों से बातचीत में, श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये दल देश को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने कहा कि ओलंपिक न सिर्फ जीतने बल्कि सीखने का भी बड़ा मैदान है। खेल की दुनिया में अभ्यास और निरंतरता के महत्व पर बल देते हुये श्री मोदी ने अच्छी नींद पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विजयी होने के लिए लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना और सकारात्मक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। उन्होंने खिलाडियों की कड़ी मेहनत की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि देश दो हजार छत्तीस ओलंपिक की मेजबानी की उम्मीद कर रहा है और इस दिशा में विशेषकर ढांचागत विकास में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

प्रदेश भाजपा की ओर से बिहार कोटे से केन्द्र में मंत्री बनाये गये सांसदों का आज पटना में अभिनंदन किया गया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मंझी, ललन सिंह, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय और सतीश चन्द्र दुबे शामिल हुये।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल आज अपना अट्ठाइसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पार्टी के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।